सान्ध्य हिन्दी दैनिक | जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 180 | जौनपुर, सोमवार, 17 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### नांदेड़ गुरुद्वारे के पास गोलीबारी मामले में जांच महाराष्ट्र एटीएस को सौंपी गई

मुबई, (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में गोलीबारी की घटना की जांच स्थानीय पुलिस से महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) को सौंप दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह घटना 10 फरवरी को नांदेड़ के शाहिदपुरा में सचखंड गुरुद्वारा के पास हुई थी। अधिकारी ने बताया, ''एक अज्ञात व्यक्ति ने गुरमीत सिंह सेवादार और उसके रिश्तेदार रविंद्र सिंह राठौर पर गोली चलाई, जब दोनों स्कूटर पर जा रहे थे। सेवादार नासिक सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और पैरोल पर बाहर था।'' उन्होंने बताया, ''राठौड़ की मौत हो गई, जबकि सेवादार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वजीराबाद थाने में दर्ज मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस को सौंप दी गई है।

### रेलवे ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के पीड़ितों के लिए की मुआवजे की घोषणा

प्रयागराज, (संवाददाता)। रेलवे ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजन को 10–10 लाख रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर देने की रविवार को घोषणा की। रेलवे ने कहा कि गंभीर रूप से घायलों को ढाई–ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल हुए लोगों को एक–एक लाख रुपये दिए जाएंगे। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। यह भगदड़ प्लेटफार्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेन पर सवार होने वाले यात्रियों की भारी भीड़ होने के बाद मची।

### एकता में ही विविधता समाहित है, बंगाल में आरएसएस के कार्यक्रम में बोले मोहन भागवत

नई दिल्ली, (एजेंसी)। बर्धमान (पश्चिम बंगाल)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया की विविधता को अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि हिंदू समाज का मानना है कि एकता में ही विविधता समाहित है। बर्धमान के साई ग्राउंड में आरएसएस के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि हिंदू समाज में एकता की जरूरत है और अच्छे समय में भी चुनौतियां बनी रहेंगी। उन्होंने कहा, श्हमें हिंदू समाज को एकजुट और संगठित करने की जरूरत है। समस्याओं की प्रकृति क्या है इसके बजाए यह महत्व रखता है कि हम उनका सामना करने के लिए कितने तैयार हैं। पश्चिम बंगाल पुलिस ने पहले रैली आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय से मंजूरी मिलने के बाद रैली आयोजित की जा रही है। भागवत ने कहा कि देश का निर्माण अंग्रेजों ने नहीं किया था।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना हो रही साकार : योगी

वाराणसी, (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं, जिनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार काशी तमिल संगमम का बाबा विश्वनाथ की पावन धरा पर शुभारंभ हो रहा है। यह एक भारत श्रेष्ठ के विजन को आगे बढ़ाने का महायज्ञ है। इस बार इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ प्रयागराज में चल रहा है। संगमम उसी क्षण का हिस्सा बन रहा है। देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का कार्य जो कभी शंकराचार्य ने किया था। वही कार्य आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी तमिल संगमम् के माध्यम



से एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन के साथ शनिवार को नमो घाट पर बटन दबा कर काशी तमिल संगमम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी देश की सबसे पुरानी नगरी है। इस बार संगमम के साथ आप सभी को वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की संस्कृति से जुड़ने का सौभाग्य मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुनिया का पहला ऐसा महासंगम है, जिसका हिस्सा अब तक 51 करोड़ लोग बन चुके हैं। काशी प्राचीन समय से ही ज्ञान की राजधानी रही है। तमिलनाडु के प्राचीन ग्रंथों में काशी महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि इस बार काशी तमिल संगमम् महर्षि अगस्त्य को समर्पित है। नए भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए ही महर्षि अगस्त्य को केंद्र में रखकर काशी तमिल संगमम् का थीम रखा गया है। माता सीता को खोजने और राम–रावण युद्ध में आदित्य स्त्रोत देने वाले महर्षि अगस्त्य ही थे। आप सभी को इससे जुड़ने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री का यह मिशन आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु से आए मेहमानों को 144 वर्ष पर प्रयागराज में लगे महाकुंभ और 500 वर्ष बाद अयोध्या में बने रामलला का दर्शन भी कराया जाएगा। नमो घाट पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंगा के रास्ते सीधे बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन–पूजन करने पहुंचे। विधि–विधान से बाबा विश्वनाथ का पूजन किया। मंदिर परिसर में बच्चों से मिले और उन्हें दुलारते हुए चाकलेट दी। इसके बाद वापस नमो घाट पहुंचे और कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## कुंभ में सभी को पुण्य कमाने के लिए आना चाहिए – अपर्णा यादव

प्रयागराज, (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य–दिव्य महाकुंभ में देश–विदेश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार, अब तक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया है। शनिवार को उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। अपर्णा यादव ने भव्य महाकुंभ को लेकर कहा, ष्व्यवस्थाएं उत्कृष्ट हैं, बहुत अच्छी तरह से की गई हैं। मैंने कई कुंभों में भाग लिया है, लेकिन यहां का माहौल किसी अन्य से अलग है। महाकुंभ पर विपक्ष के आरोप पर उन्होंने कहा, ष्मैं समझती हूं कि भगदड़ हुई है, इसे नकारा नहीं जा सकता है। लेकिन, इस तरह की घटना पहले भी कुंभ में हुई है। तब किसी को मुआवजा तक नहीं मिला था। प्रयागराज में आयोजित कुंभ में सीएम योगी सारी व्यवस्थाओं को खुद देख रहे थे। मौनी अमावस्या के बाद वह हर चीज की देखरेख कर रहे थे और सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे थे। आपने देखा होगा कि मौनी अमावस्या के बाद, हर श्बड़े स्नानश पर, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सुबह चार बजे से वॉर रूम और कंट्रोल रूम की जांच की, यह सुनिश्चित किया कि सब कुछ ठीक है। यह प्रदेशवासियों के लिए बहुत बड़ी बात है। पीएम मोदी का मार्गदर्शन योगी आदित्यनाथ और हम सभी को मिला है। संगम पर देखिए लोग आराम से स्नान कर रहे हैं। किसी को कोई परेशानी नहीं हो रही है। महाकुंभ की आलोचना कर रहे विपक्ष को जवाब देते हुए ।

## रिश्ते-नाते महत्वहीन, बहुजन-हित सर्वोपरि - मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने समधी अशोक सिद्धार्थ को हटाए जाने पर उठ रहे सवाल पर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच श्एक्सश पर सीरीज में पोस्ट की जिसमें उन्होंने लिखा कि बीएसपी, देश में बाबा साहेब डा. भीमराव



बिना नाम लिए जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि रिश्ते–नाते आदि महत्वहीन हैं और बहुजन–हित ही सर्वोपरि है। बसपा मुखिया मायावती अम्बेडकर के मानवतावादी आत्म–सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता तक पहुंचाने हेतु, कांशीराम जी द्वारा सब कुछ त्यागकर स्थापित की गई पार्टी व मूवमेंट, जिसमें स्वार्थ, रिश्ते–नाते आदि महत्वहीन हैं अर्थात बहुजन–हित सर्वोपरि है। 1. बीएसपी, देश में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी आत्म–सम्मान व स्वाभिमान के कारवाँ को सत्ता तक पहुँचाने हेतु, मान्यवर श्री कांशीराम जी द्वारा सब कुछ त्यागकर स्थापित की गई पार्टी व मूवमेन्ट, जिसमें स्वार्थ, रिश्ते–नाते आदि महत्वहीन अर्थात बहुजन–हित सर्वोपरि है। उन्होंने आगे लिखा कि कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। बसपा प्रमुख ने लिखा कि कांशीराम की तरह ही मेरे जीते जी भी पार्टी व मूवमेंट का कोई भी वास्तविक उत्तराधिकारी तभी होगा जब वह भी, कांशीराम की की शिष्या की तरह अंतिम सांस तक, पार्टी व मूवमेंट को हर दुःख–तकलीफ उठाकर, उसे आगे बढ़ाने में पूरे जी–जान से लगातार लगा रहे। उन्होंने लिखा कि देश भर में बीएसपी के छोटे–बड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी पार्टी प्रमुख द्वारा निर्देश, निर्धारित अनुशासन एवं दायित्व के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जवाबदेह होकर पूरे तन, मन, धन से लगातार काम करते रहना जरूरी है। मायावती ने कहा कि जिम्मेदारी के साथ खघसकर कैडर के बल पर, जमीनी स्तर पर पार्टी संगठन की मजबूती व सर्व समाज में जनाधार को बढ़ाने के साथ ही आगे भी हर चुनाव की तैयारी में पूरी दमदारी के साथ लगना है ।

## नीतीश ने भगदड़ में मारे गए बिहार के लोगों के परिजन के लिए की अनुग्रह राशि की घोषणा

पटना, (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात हुई भगदड़ में लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने भगदड़ में मारे गए बिहार के लोगों के परिजन को दो–दो लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, '' मुख्यमंत्री ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया है। वह इस घटना में बिहार के लोगों की मौत से बहुत दुखी हैं और उन्होंने मृतकों के परिजन को दो–दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।'' बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी घटना पर शोक जताया है। चौधरी ने कहा, नयी दिल्ली



रेलवे स्टेशन पर हुई घटना दिल दहला देने वाली है। इस घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस बीच, राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने इस घटना को लेकर केंद्र की भाजपा नीत सरकार की आलोचना की और रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग की। प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा, '' भगदड़ की घटना बहुत परेशान करने वाली है...इसने केंद्र सरकार द्वारा किए गए अपर्याप्त इंतजामों को उजागर कर दिया है। इस घटना के बाद रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

## इंडिया गठबंधन अब ज्यादा एकजुट होगा – संजय राउत

मुंबई, (एजेंसी)।शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने रविवार को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात पर बयान दिया। संजय राउत ने कहा कि हम आदित्य ठाकरे के साथ अरविंद केजरीवाल से मिलने गए थे। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। चुनाव जीतने के बाद सभी विजेताओं से मुलाकात होती है, लेकिन एक संघर्षशील नेता हार के बाद दुखी हो तो उससे मिलकर संवेदना प्रकट करना हमारा कर्तव्य था। बातचीत के दौरान उनकी उदासी साफ झलक रही थी। केजरीवाल का कहना है कि कांग्रेस दिल्ली और हरियाणा में भाजपा को नहीं, हमें (आप को) हराना चाहती थी। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा और दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करना चाहते थे, हमने बातचीत भी शुरू की थी। हरियाणा की चर्चा के दौरान केजरीवाल जेल में थे, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी थी। राउत ने कहा कि इंडिया गठबंधन अब ज्यादा एकजुट होगा, क्योंकि सभी ने सबक सीख लिया है। हमने केजरीवाल से कहा कि यदि आप कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ते, तो हरियाणा और दिल्ली में नतीजे अलग होते। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी चाहते थे कि आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ पाई। इसका परिणाम यह हुआ कि दोनों पार्टियां अलग–अलग चुनाव लड़ीं और नुकसान हुआ।

## दिल्ली भगदड़ पर गुस्साया विपक्ष, जमकर की मोदी सरकार और रेलवे की आलोचना

नई दिल्ली, (एजेंसी)। रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मच गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। सूत्रों का कहना है कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के प्लैटफॉर्म में बदलाव की गलत घोषणा से भ्रम की स्थिति पैदा हुई, जिसके कारण भगदड़ मची। अब इस घटना को लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार पर हमला बोला है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत पर सरकार और रेलवे की आलोचना की है। उन्होंने श्एक्सश पर लिखा, श्नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से कई लोगों की मृत्यु और कईयों के घायल होने की खघ्बर अत्यंत दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। यह घटना एक बार फिर रेलवे की नाकामी और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए स्टेशन पर बेहतर इंतजाम किए जाने चाहिए थे। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि बदइंतजामी और लापरवाही के कारण किसी को अपनी जान न गंवानी पड़े। आप नेता राघव चड्ढा ने कल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत के बाद भीड़ नियंत्रण उपायों की कमी को लेकर रेलवे अधिकारियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा, श्नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुखद भगदड़ ने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है। महिलाओं और



बच्चों सहित कई निर्दोष लोगों की जान चली गई है। यह आपदा घोर कुप्रबंधन और भीड़ नियंत्रण उपायों की कमी का एक 11 फरवरी को, मैंने संसद में यह मुद्दा उठाया था, रेलवे स्टेशनों पर बेहतर प्रबंधन प्रोटोकॉल की तत्काल आवश्यकता के बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए तत्काल सुधार आवश्यक हैं। अरविंद केजरीवाल ने भगदड़ में हुई मौतों पर शोक जताया। उन्होंने कहा, श्नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं की दुखद मौत बेहद दुखद और दर्दनाक है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को चौंकाने वाला और बेहद दुखद बताया है। उन्होंने कहा, श्जो दृश्य सामने आए हैं, वे भयावह हैं और बड़ी आपदा की ओर इशारा करते हैं। मैं निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।श उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा, श्केंद्र सरकार की प्रत्यक्ष निगरानी में राष्ट्रीय राजधानी में इस तरह की आपदा होना दर्शाता है कि सरकार पूरी तरह से अक्षम है और केवल जनसंपर्क करने में सक्षम है, वास्तविक प्रबंधन नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने स्थिति को कमतर आंकने की कोशिश की है और जानना चाहा है कि हताहतों की संख्या की घोषणा कब की जाएगी।

## नई दिल्ली स्टेशन की घटना का रेलवे ने लिया संज्ञान, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई - रामदास आठवले

नई दिल्ली, (एजेंसी)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात मची भगदड़ पर केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने गहरा दुख व्यक्त किया है। रामदास आठवले ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि प्रशासन को इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए और अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए। आठवले ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन दुर्घटना हुई है, हम इस पर दुख व्यक्त करते हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इससे पहले प्रयागराज में भी इसी तरह की स्थिति देखने को मिली थी, जब रेलवे प्रशासन ने लोगों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया था। ट्रेन की घोषणा होते ही लोग उत्साहित होकर दौड़ने लगे, जिससे अफरा–तफरी मच गई और यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कुछ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। मुझे लगता है कि इस तरह के हादसों से



बचने के लिए प्रशासन को और अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। रेलवे मंत्री ने इस घटना पर संज्ञान लिया है और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हमारे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक सक्रिय और जिम्मेदार मंत्री हैं। उन्होंने इस हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं और जिन अधिकारियों की गलती होगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विपक्षी दलों की ओर से रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग पर भी प्रतिक्रिया दी। आठवले ने कहा कि विपक्ष बार–बार मंत्री को हटाने की मांग कर रहा है, लेकिन मुझे लगता है कि यह उचित नहीं है। रेल मंत्री ने पूरी जांच के आदेश दिए हैं और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में मंत्री को हटाने से कोई हल नहीं निकलेगा।

## केजरीवाल के 'शीशमहल' का विस्तार किए जाने के आरोपों की जांच होगी - भाजपा

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भाजपा ने कथित भ्रष्टाचार के कारण इस बंगले को ''शीशमहल'' करार दिया है। इसमें अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में 2015 से पिछले साल अक्टूबर के पहले सप्ताह तक रहे थे। आम आदमी पार्टी(आप) ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा से अपनी नकारात्मक राजनीति छोड़ने और दिल्ली के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। सीवीसी ने भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता की दो पिछली शिकायतों और सीपीडब्ल्यूडी की तथ्यात्मक रिपोर्टों का संज्ञान लिया है और उसके आधार पर अब विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। रोहिणी से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 14 अक्टूबर 2024 को सीवीसी को की गई उनकी पहली शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल ने 40,000 वर्ग यार्ड (आठ एकड़) जमीन पर एक भव्य महल के निर्माण के लिए भवन नियमों का उल्लंघन किया। गुप्ता ने आरोप लगाया कि राजपुर रोड पर भूखंड संख्या 45 और 47 (पहले 'टाइप–फाइव' फ्लैट में वरिष्ठ अधिकारियों और न्यायाधीशों के आवास थे) तथा दो बंगलों (8–ए और 8–बी, फ्लैग स्टाफ रोड) समेत सरकारी संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया और नए आवास में मिला दिया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान मानदंडों का उल्लंघन किया गया और उचित अनुमोदन नहीं लिया गया। उन्होंने कहा, '' सीवीसी ने 16 अक्टूबर 2024 को शिकायत दर्ज की और मामले को सीपीडब्ल्यूडी को भेज दिया जिसने उल्लंघन की पुष्टि करते हुए पांच दिसंबर 2024 को अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद 13 फरवरी 2025 को सीवीसी ने सीपीडब्ल्यूडी को मामले की पूर्ण जांच करने का निर्देश दिया।'' गुप्ता ने अपनी दूसरी शिकायत में 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले की मरम्मत और आंतरिक साज–सज्जा पर ''जरूरत से अधिक खर्च'' किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने 21 अक्टूबर 2024 को सीवीसी में दूसरी शिकायत दर्ज कराई थी। गुप्ता ने फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में ''विलासितापूर्ण सुविधाओं'' पर सार्वजनिक धन के 'चौंकाने वाले दुरुपयोग' का आरोप लगाया। यह बंगला दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल का आधिकारिक निवास रहा है। उन्होंने कहा, ''शिकायत में बहुत अधिक व्यय का उल्लेख है, जिसमें टेलीविजन पर 77 लाख रुपये, रेशमी कालीन पर 50 लाख रुपये, पीतल की रेलिंग पर 42 लाख रुपये, स्पा पर 20 लाख रुपये, गर्म पानी पर 18 लाख रुपये तथा शौचालय की सीट पर 12 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।' उन्होंने कहा कि सीवीसी ने सीपीडब्ल्यूडी से उनकी दूसरी रिपोर्ट पर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है, जो 24 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत की गई थी और उसमें ''फिजूलखर्ची और अनुचित खर्च'' के आरोपों की पुष्टि की गई थी। उन्होंने कहा, ''तथ्यात्मक रिपोर्ट की समीक्षा के बाद, सीवीसी ने सीपीडब्ल्यूडी को सार्वजनिक धन के दुरुपयोग की गहन जांच करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस बीच, आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सवाल उठाया कि अगर नियमों का उल्लंघन हुआ है ।

# संपादकीय

## स्वतंत्रता का सच्चा सार

मानव मन पूर्णता चाहता है, शाश्वत सत्य और यात्रा की गई सड़क केवल कारण और तर्क की स्पष्ट धारा को पार करके और पार्च्ड और विमुख सोच के ठोकर ब्लॉकों में नहीं गिरने से है। गुरुदेव मानसिक शोष को गिरफ्तार करने के लिए शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दोनों रूपकों को तैनात करते हैं, जो गायन के दौरान स्वतंत्रता के जुनून को प्रज्वलित करते हैं। लेकिन स्वतंत्रता क्या दर्शाती है? सीधे शब्दों में कहें, तो यह एक इच्छा के अनुसार कार्य करने, बोलने या सोचने की शक्ति या अधि ाकार है। कई सदियों पहले, एक भिक्षु एक प्रबुद्ध जेन मास्टर का एक ट्यूट बनने के लिए तैयार था। उन्होंने मास्टर से गुना जुड़ने के लिए कई यात्राएं कीं, लेकिन मंच सभी व्यर्थ थे। एक दिन मास्टर को एक नदी के किनारे कुछ दबंग छात्रों के साथ बैठाया गया। भिक्षु ने एक बार फिर मास्टर से संपर्क किया, विद्वान द्वारा फटकार के डर से। लेकिन अपने विस्मय के लिए, मास्टर ने भिक्षु को उसकी गर्दन की खरोंच से ले लिया और उसे नदी में धकेल दिया। भिक्षु पानी से भरे अपने फेफड़ों के रूप में चिल्लाया और बेदम हो गया। मास्टर ने उसे नदी से बाहर निकाला और फिर से टिप्पणी की, ष्मेरे पास आओ जब आपके दिमाग में इतनी अधिक ज्ञान प्राप्त करने की मात्रा और क्षमता है क्योंकि आपके फेफड़ों में जीवित रहने के लिए इतनी हवा के लिए जगह थी प्रकृति का नियम हमें हमारी अवधारणा के समय से कैद करता है। हम अपनी कोशिकाओं को प्राप्त करते हैं और अपने पूर्वजों से लक्षण प्राप्त करते हैं। वह हमारा डीएनए है और हमारा आरएनए भी। अगली स्कूली शिक्षा माँ के गर्भ में होती है। यह हमारे विचारों का पहला पालना है। शादियों का आदर्श बनता जा रहा गर्भनाल के माध्यम से हमारे सिस्टम में भावनाओं, भावनाओं, भय, भय, भय, खतरे, प्रभावोत्पादक और एंटीपैथेटिक विचारों को दबा दिया जाता है और प्रवेश किया जाता है। माता–पिता आनुवंशिक और वंशानुगत विकारों से भी गुजरते हैं, जो समय–समय पर फैशन विचार प्रक्रियाओं की अवधि में होते हैं। दुनिया आज प्रिंट, सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का कैदी है। हम फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन पर पसंद की संख्या और मशहूर हस्तियों के साथ ली गई सेल्फी की संख्या से प्रचारित होते हैं। गिज्मोस हमारे दिमाग के बगीचों में एकत्रित विचार प्रक्रिया का फैसला करते हैं। मनुष्य को इस वास्तविकता के लिए जागना चाहिए कि राजनीतिक और आर्थिक अभिजात वर्ग हमारे भविष्य के पाठ्यक्रम को तय करता है न कि रिवर्स। ऐसी दयनीय स्थिति में, हमारे विचार और भाषण कितने स्वतंत्र हैं? हम एक आराम क्षेत्र में रहते हैं जहां मन को चुनौती नहीं दी जाती है और अज्ञात सीमाओं में प्रवेश करने के लिए कोई एपर्चर नहीं हैय न ही हम नए शिल्प सीखने और स्वागत या अवांछित स्थितियों का महत्वपूर्ण मूल्यांकन करने के लिए अपकुशल हैं। हालांकि, मनुष्यों को इतना हताश होने की आवश्यकता नहीं है। ।सेव त्मंक – म्कपजवतपंसरू इस रोमांटिक महीने में दोस्ती पर भरोसा करें स्वतंत्र इच्छा, पसंद और रचनात्मक, कल्पनाशील होने और अमिश्र स्वतंत्रता का आनंद लेने का प्रयास करने के लिए एक वेंटिलेटर है। प्राणायाम के नियमित अभ्यास के माध्यम से, श्वास तकनीक मन के गोलार्ध समय की अवधि में विकसित होते हैं और मनुष्य एक बार फिर श्मुक्तश पैदा हो सकते हैं और शविचार की स्वतंत्रताश हो सकते हैं।

# उपहार के बदले नकद देना आधुनिक शादियों का आदर्श बनता जा रहा

शादियों का मौसम खत्म होने के साथ ही, आधुनिक शादियों के एक पहलू पर विचार करना सार्थक हो सकता है। आजकल कई शादियों में मेहमानों से उपहार के बदले केवल नकद देने का अनुरोध किया जाता है क्योंकि अन्य उपहार प्राप्तकर्ता की पसंद के नहीं हो सकते हैं या उनके पास पहले से ही कुछ हो सकता है। लेकिन इससे वह व्यक्तिगत विचार और देखभाल खत्म हो जाती है जो पहले प्रियजनों के लिए उपहार चुनने में होती थी और साथ ही उपहारों को खोलने के उत्साह के साथ–साथ पार्सल में क्या है, यह भी नहीं पता होता। चूंकि लोग हर चीज से ऊपर सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, इसलिए परंपराएं जो कभी रिश्तों को मजबूत करती थीं, तेजी से खतरे में हैंअंबेडकर को अपनाने की ठश्रच की मजबूरी 2024 के लोकसभा चुनावों में झटका का नतीजा महोदय कृ एन. बीरेन सिंह के मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के चार दिन बाद, पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, जो पिछले दो वर्षों से जातीय हिंसा से त्रस्त है ("मणिपुर में केंद्रीय शासन", 14 फरवरी)। जबकि विपक्ष सिंह की बर्खास्तगी के लिए शोर मचा रहा था, केंद्र सरकार ने इसे नजरअंदाज करना जारी रखा। सिंह का इस्तीफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों से मेल खाने के लिए समयबद्ध किया गया था, ताकि बाद में एक बार फिर मणिपुर के प्रति राष्ट्रपति शासन लागू करने का निर्णय 2023 में ही ले लिया जाना चाहिए था। उम्मीद है कि राज्य में संकट अंततः नियंत्रण में आ जाएगा। बिद्युत कुमार चटर्जी, फरीदाबाद महोदय कृ केंद्र ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने का निर्णय इसलिए लिया है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है कि एन. बीरेन सिंह के बाद मुख्यमंत्री कौन बनेगा। उनकी जगह जो भी आएगा, वह राज्य में भविष्य के चुनाव परिणामों के लिए जिम्मेदार होगा। हावड़ा महोदय कृ मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना बहुसंख्य भारतीयों की इच्छा के अनुरूप है। सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर संघर्ष में एन. बीरेन सिंह की मिलीभगत को उजागर करने वाले ऑडियो टेप पर फोरेंसिक विशेषज्ञों से रिपोर्ट मांगी है। चूंकि लोगों का भाजपा सरकार पर से विश्वास उठ चुका है, इसलिए कांग्रेस अगर सरकार बनाती है तो उसे राज्य में व्यवस्था बहाल करने में अधिक सफलता मिल सकती है। टी. रामदास, विशाखापत्तनम महोदय – ऐसा कहा जा रहा है कि मणिपुर को राष्ट्रपति शासन के अधीन करने से मैतेई और कुकी–जो नेताओं के बीच शांति वार्ता के लिए जगह बनेगी, ताकि दोनों समुदायों के बीच आपसी अविश्वास को बढ़ावा देने वाले मुद्दों को सुलझाया जा सके। कुकी–जो, जिन्होंने एन. बीरेन सिंह के नेतृत्व में बातचीत करने से इनकार कर दिया था, को अब अपना रुख नरम करना चाहिए और अशांत राज्य में शांति बहाल करने का प्रयास करना चाहिए। खोकन दास, कलकत्ता अंतर को पाटें महोदय – एक गैर–सरकारी संगठन द्वारा हाल ही में किए गए शोध ने गणित की औपचारिक और सहज समझ के बीच अंतर को उजागर किया है (गलत योग 12 फरवरी)। इसने दिखाया कि जिन बच्चों को बाजार में सामान बेचना पड़ता है, वे दूसरों की तुलना में विषय पर बेहतर पकड़ रखते हैं, भले ही वे स्कूल में खराब प्रदर्शन करते हों। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय स्कूल व्यावहारिक अनुप्रयोग की तुलना में सैद्धांतिक सीखने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। संपन्न पृष्ठभूमि के बच्चे स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, जबकि व्यावहारिक कौशल की कमी होती है क्योंकि वे अपनी पढ़ाई पर अधिक समय दे सकते हैं। इस अंतर को पाटने के लिए पाठ्यक्रम में उचित संतुलन आवश्यक है। जुनैना जावेद, कलकत्ता इसे साफ रखें अपराध और जातिवाद में डूबे हुए हैं। चुनाव से पहले दोषी अपराधियों को पैरोल पर रिहा कर दिया जाता है। इसका समाधान ऐसे कानून बनाना नहीं है जो दोषियों को अस्थायी रूप



महोदय – संपादकीय, ष्इसे साफ करेंष (13 फरवरी), महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है। राजनीतिक दल, शायद वामपंथी दलों को छोड़कर, भ्रष्टाचार, से अयोग्य ठहराते हैं। आदर्श रूप से, लोगों को ऐसे उम्मीदवारों को अपनी मर्जी से नहीं चुनने का संकल्प लेना चाहिए।

# अंबेडकर को अपनाने की BJP की मजबूरी 2024 के लोकसभा चुनावों में झटका का नतीजा

चुनावों में मिली हार ने भारतीय जनता पार्टी को दलित आइकन बीआर अंबेडकर को पहले से कहीं ज्यादा गले लगाने पर मजबूर कर दिया है। विपक्ष द्वारा भाजपा पर संविधान बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाने को भगवा पार्टी की लोकसभा में सीटों की संख्या में भारी गिरावट के पीछे एक प्रमुख कारण माना गया। इसका असर भाजपा की रणनीति पर साफ दिख रहा है। अंबेडकर की तस्वीरें अब पार्टी के दफ्तरों की शोभा बढ़ा रही हैं। अंबेडकर के प्रति समर्पण पर जोर देने की मजबूरी ने पार्टी के अपने वैचारिक आइकन को भी दरकिनार कर दिया है। भाजपा के शीर्ष नेताओं और मंत्रियों के दफ्तरों में दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे पार्टी विचारकों को दीवार पर प्रमुख स्थानों से हटाकर अंबेडकर के लिए जगह बनाई गई है। दीवार पर तस्वीरों को फिर से लगाने के पीछे का विचार यह सुनिश्चित करना है कि जब पार्टी नेताओं की तस्वीरें खींची जाएं तो अंबेडकर पृष्ठभूमि में दिखाई दें। भाजपा लंबे समय से एक उच्च जाति की पार्टी के रूप में जानी जाती है, लेकिन नेतृत्व अब उस छवि को खत्म करने के लिए बेताब है। दलितों के मुद्दे पर सतर्कता दिल्ली विधानसभा में सरकार गठन में पार्टी के निर्णय को भी प्रभावित कर सकती है। दिल्ली में दलितों का एक मजबूत वोट बैंक है और पार्टी उन्हें व्यापक हिंदुत्व के तहत लाना चाहती है। छत्रछाया राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद के न तो दोस्त और न ही दुश्मन, इस बात से इनकार कर सकते हैं कि वे एक दुर्लभ, करिश्माई नेता हैं, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। उनके छोटे बेटे, जो पार्टी के वास्तविक मुखिया और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं, तेजस्वी यादव लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने के लिए उनके नक्शेकदम पर चलने की कोशिश कर रहे हैं। इन दिनों, बिहार भर में यात्रा करते समय, यादव अचानक रुकते हैं और किसानों से मिलने के लिए अपने वाहन से उतरते हैं। अभी हाल ही में, भोजपुर जिले में सरसों के खेत के पास उनका काफिला रुका। उन्होंने किसानों से बातचीत की और अपने साथ लाए कुछ मिठाइयाँ बाँटीं। उन्होंने किसानों को उनके कृषि उत्पादों के बेहतर मूल्य और मुख्यमंत्री बनने पर मंडी प्रणाली को पुनर्जीवित करने का आश्वासन भी दिया।भरोसा करें एक अन्य घटना में, यादव सारण जिले में एक खेत के पास रुके और फूलगोभी से भरी एक बोरी खरीदी। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को काफी पैसे दिए और कहा कि वे अपने पिता को इस सब्जी से बने व्यंजन परोसेंगे। वरिष्ठ राजद नेताओं ने बताया कि यादव के ऐसे छोटे–छोटे काम ग्रामीणों के साथ जुड़ाव बनाने और उन्हें ऊर्जा देने में काफी मददगार साबित होंगे। संदिग्ध स्रोत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) ने हाल ही में जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर से पार्टी के वित्तपोषण के स्रोत के बारे में पूछा। यह दावा करते हुए कि जेएसपी को संदिग्ध स्रोतों से धन मिल रहा है, जेडी(यू) ने स्पष्टीकरण मांगा कि एक एनजीओ को धन क्यों मिल रहा है और इसे किशोर की पार्टी को क्यों भेजा जा रहा है। इसने यह भी जानना चाहा कि दक्षिणी राज्यों में पंजीकृत कंपनियों द्वारा बिहार को ध्यान में रखकर करोड़ों रुपये दान करने के पीछे क्या मकसद है। कुछ दिनों बाद, किशोर ने यह कहते हुए प्रतिक्रिया दी कि उन्हें अपनी बुद्धि के कारण धन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विद्या की देवी सरस्वती का आशीर्वाद पाने वालों को धन की देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद अवश्य मिलता है। ।सेव त्मंक – क्यों एमबीए की डिग्री अकेले अब सफलता की गारंटी नहीं है जब किशोर के स्पष्टीकरण से अन्य राजनीतिक दलों को कोई फर्क नहीं पड़ा, जिन्होंने कथित धोखाधड़ी के लिए उन पर हमला जारी रखा, तो चुनाव सलाहकार से राजनेता बने किशोर ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति में तिरुमाला मंदिर की तीर्थयात्रा करना बुद्धिमानी समझा। इसे देश के सबसे अमीर मंदिरों में से एक माना जाता है। किशोर ने अभिनेता से तमिलझागा वेत्री कझगम के नेता बने विजय से भी मुलाकात की। पार्टी लाइन से परे वरिष्ठ राजनेताओं ने बताया कि जेएसपी नेता अपनी कंपनी के लिए और अधिक व्यवसाय अर्जित करने की तैयारी कर रहे थे, जो चुनाव परामर्श सेवाएं प्रदान करती है। ऐसा लगता है कि किशोर को अपनी बढ़ती संपत्ति के कारण और अधिक स्पष्टीकरण देना होगा।

# .......स्वास्थ्य.......

## खून की कमी से जूझ रहे 40प्रतिशत बच्चे डब्ल्यूएचओ ने किया खतरनाक आंकड़े का खुलासा



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एनीमिया (खून की कमी) पर एक फैक्ट शीट जारी की है, जिसमें यह बताया गया है कि दुनिया में लगभग 40ः बच्चे, 37% गर्भवती महिलाएं और 30% 15 से 49 वर्ष की महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हैं। खासतौर पर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में यह बीमारी अधिक देखने को मिल रही है।

यह समस्या खासकर ग्रामीण इलाकों और गरीब परिवारों में ज्यादा पाई जा रही है। डब्ल्यूएचओ ने इस गंभीर समस्या का समाधान 2030 तक करने के लिए सतत विकास एजेंडे में इसे शामिल किया है। इसके तहत 15 से 49 वर्ष की आयु वाली महिलाओं को एनीमिया से निजात दिलाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं।

डब्ल्यूएचओ और UNICEF का संयुक्त प्रयास

डब्ल्यूएचओ और UNICEF मिलकर एनीमिया के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में वर्ल्ड हेल्थ असेंबली में ग्लोबल न्यूट्रिशन के छह मकसदों में से एक पर काम हो रहा है। 2021 में न्यूट्रिशन फॉर ग्रोथ समिट के दौरान डब्ल्यूएचओ ने एनीमिया को एक गंभीर समस्या के रूप में पहचाना और इसके उपचार के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार करने की योजना बनाई।

भारत में एनीमिया का बढ़ता प्रकोप

भारत में एनीमिया का स्तर चिंताजनक है। खासकर त्रिपुरा, तेलंगाना, पंजाब, ओडिशा, मध्य प्रदेश, झारखंड, हरियाणा, छत्तीसगढ़, असम और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में 50% से ज्यादा गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। बिहार, गुजरात और पश्चिम बंगाल में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की स्थिति सबसे खराब पाई गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बिहार में 63.1%, गुजरात में 62.6% और पश्चिम बंगाल में 62.3ः गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं।

एनीमिया मुक्त भारत रणनीति

भारत में महिलाओं और बच्चों में एनीमिया के प्रसार को कम करने के लिए एनीमिया मुक्त भारत रणनीति लागू की गई है। इसके तहत, गर्भवती महिलाओं को आयरन और फोलिक एसिड की खुराक दी जाती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019–21) के अनुसार, भारत में 15 से 49 वर्ष की गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की बीमारी 52.2% है।

विश्व में एनीमिया से प्रभावित क्षेत्र

विश्व के अन्य हिस्सों में भी एनीमिया का प्रकोप बढ़ रहा है। पूर्व एशिया और अफ्रीका इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। अफ्रीका में 106 मिलियन महिलाएं और 103 मिलियन बच्चे एनीमिया से पीड़ित हैं।

समाधान की दिशा में कदम

डब्ल्यूएचओ और UNICEF इस बीमारी को रोकने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और 2030 तक इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। इसके लिए आयरन और फोलिक एसिड की खुराक देने के अलावा, एनीमिया की जागरूकता बढ़ाने और सही उपचार मुहैया कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यह एक गंभीर वैश्विक समस्या है, जिसके लिए विश्व समुदाय को मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि एनीमिया के बढ़ते प्रकोप को रोका जा सके और इसके इलाज के लिए बेहतर समाधान उपलब्ध हो सके।

## बच्चों में कब्ज की समस्या को दूर करने के 3 आसान उपाय

बच्चों में कब्ज की समस्या आजकल बहुत आम हो गई है। इसका मुख्य कारण फिजिकल एक्टिविटी की कमी और खराब डाइट है, जिसमें अधिकतर चॉकलेट, कुकीज और चिप्स जैसी चीजें शामिल हैं। इसके कारण बच्चे समय पर पॉटी नहीं कर पाते और उनकी भूख भी कम हो जाती है। लेकिन यह समस्या गंभीर हो सकती है, इसलिए जरूरी है कि बच्चों की डाइट में सुधार किया जाए।

घर का बना घी

बच्चों में कब्ज को दूर करने के लिए घी का सेवन करना बेहद फायदेमंद हो सकता है। घर में बना हुआ घी मेटाबोलिज्म को तेज करता है और आंतों के कामकाज को बेहतर बनाता है। रोजाना तीन टाइम बच्चों के खाने में घी शामिल करें दृ नाश्ते, लंच और डिनर में। इससे बच्चे का पेट साफ रहेगा और मल त्याग में कोई परेशानी नहीं होगी।

मौसमी फल खिलाएं

मौसमी फलों में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन को बेहतर बनाती है और कब्ज को दूर करती है। जैसे गर्मी में आम, तरबूज और अंगूर आदि फलों का सेवन कराएं। इसके अलावा, आप बच्चों को इन फलों से मिल्क फ्रूट शेक भी दे सकते हैं, लेकिन कोशिश करें कि बच्चे साबुत फल खाएं क्योंकि इसमें ज्यादा फाइबर और रफेज होता है, जो कब्ज को दूर करने में मदद करता है।

खाने के बाद केला खिलाएं

केला कब्ज को दूर करने में बेहद प्रभावी होता है। इसे काले नमक के साथ खाने से पाचन क्रिया में सुधार आता है और कब्ज की समस्या दूर होती है। हर खाने के बाद आधा केला बच्चे को खिलाएं। इससे उनका



मेटाबोलिज्म बेहतर होगा और खाना जल्दी पचेगा।

अन्य सुझाव

बच्चों को एक समय पर पॉटी करने की आदत डालें। एक निश्चित समय पर बच्चों को बाथरूम जाने की आदत डालें ताकि उनकी शरीर की नियमितता बनी रहे। इसके अलावा, चॉकलेट, कुकीज और चिप्स जैसी जंक फूड्स के लिए एक सीमित नियम बनाएं। जैसे एक हफ्ते में सिर्फ एक बार चॉकलेट दें, दूसरे हफ्ते में कुकीज और तीसरे हफ्ते में चिप्स दें। इसके अलावा बच्चों को पानी ज्यादा पीने के लिए कहें, जिससे शरीर डिटॉक्स हो और कब्ज की समस्या दूर हो।

इन आसान और प्रभावी उपायों से बच्चों की कब्ज की समस्या को आसानी से कम किया जा सकता है। ध्यान रखें कि बच्चों की डाइट और आदतों में बदलाव लाकर इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

## 60 साल बाद महाशिवरात्रि पर अद्भुत संयोग... भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए घर ले आएं ये शुभ चीजें

महाशिवरात्रि हिन्दू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के शुभ अवसर पर मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस महा शिवरात्रि 26 फरवरी, बुधवार की है। इस बार महाशिवरात्रि पर ग्रहों का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसके चलते इस पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है।

ग्रहों का दुर्लभ योग लाएगा शुभ फल

वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल महाशिवरात्रि के दिन बेहद दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस बार धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनी करण और मकर राशि में चंद्रमा की उपस्थिति रहेगी। ये संयोग लगभग 60 साल बाद बन रहा है और तीन राशियों के लिए बेहद ही शुभ साबित होगा। इसके पहले ऐसा संयोग साल 1965 में बना था। ऐसे में ज्योतिष शास्त्र के जानकारों का कहना है कि ग्रहों का ये दुर्लभ योग बहुत ही शुभ फल देने वाला रहेगा।

इस दिन मनाई जाएग महाशिवरात्रि

इस बार महाशिवरात्रि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी 2025 को है। यह तिथि सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर प्रारंभ होगी और 27 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर समाप्त होगी। चूंकि महाशिवरात्रि में निशितकाल पूजा का महत्व माना जाता है, ऐसे में महाशिवरात्रि 26 फरवरी बुधवार को ही मनाई जाएगी।

महाशिवरात्रि पर घर में लाने वाली शुभ चीजें

महाशिवरात्रि के दिन कुछ विशेष चीजें घर में लाने और पूजन में इस्तेमाल करने से सुख, समृद्धि और शिव कृपा प्राप्त होती है। यह चीजें घर में सकारात्मक ऊर्जा लाने और वास्तु दोष को दूर करने में भी मदद करती हैं। जैसे

शिवलिंग–अगर आपके घर में अभी तक शिवलिंग नहीं है, तो महाशिवरात्रि पर इसे घर लाना बहुत शुभ माना जाता है।

रुद्राक्ष–महाशिवरात्रि पर रुद्राक्ष धारण करना और घर में स्थापित करना शुभ माना जाता है।

शमी के पत्ते– भगवान शिव को शमी के पत्ते अर्पित करने से शनि दोष और राहु–केतु दोष कम होता है। इसे घर में लाने से परिवार में खुशहाली आती है।

चांदी का नाग–नागिन जोड़ा–शिवलिंग पर चांदी के नाग–नागिन अर्पित करने और घर में रखने से कालसर्प दोष और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है।

शिव यंत्र–महाशिवरात्रि के दिन घर में शिव यंत्र स्थापित करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और धन की वृद्धि होती है।

# दिल्ली रेलवे स्टेशन की हादसे से अयोध्या कैंट व अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी रही सतर्क

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।शनिवार की रात नौ बजे दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद दूसरे दिन भी अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा कड़ी रही ।रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे के जवान पर्याप्त संख्या तैनात किए गए हैं। सहायक आयुक्त सुरक्षा रेलवे राजेंद्र पांडव,निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल हरीश कुमार शाही थानाध्यक्ष राजकीय रेलवे पुलिस समर सिंह के साथ अधीनस्थ अधिकारियों व सुरक्षा कर्मचारियों के साथ इधर से गुजरने वाली ट्रेनों पर विशेष ध्यान दे रहे थे।रेल यात्रियों को आराम से ट्रेन के अंदर व बाहर ले जाते व निकालते हुए दिखाई दे रहे थे।साथ ही साथ वे दोनों अधिकारी लाउडस्पीकर से सतर्कता बरतते हुए श्रद्धालुओं से अपील कर रहे हैं कि वे शांति और अनुशासन बनाए रखें।जिसके चलते उनकी कार्यशैली को देखते हुए इन दोनों रेलवे स्टेशनो पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने रेलवे प्रशासन की व्यवस्थाओं की तारीफ की।रेल यात्रियों का कहना है कि आरपीएफ और जीआरपी के जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं और हर संभव हम सभी रेल यात्रियों की मदद कर रहे हैं।सोनीपत, मुंबई, विशाखापट्नम, करनाल सहित कई प्रांतो से आये यात्रियों ने कहा, ष्टेशन पर व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं, हमें कोई दिक्कत नहीं हो रही है।सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और सभी व्यवस्थाएं नंबर वन हैं।दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को देखते हुए अयोध्या के रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो।अयोध्या में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे और प्रशासन अलर्ट मोड पर है, जिससे हर यात्री की यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे।

# क्या आस्था के आगे बोर्ड परीक्षा मे शामिल परीक्षार्थियो के भविष्य से नही मतलब रखना चाहता शिक्षा विभाग

अयोध्या।माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित यूपी बोर्ड इंटर हाई स्कूल की परीक्षा 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है।जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय इस परीक्षा को सकुशल संपन्न करने का दावा कर रहा है वही सबसे बड़ी समस्या उन परीक्षार्थियों को होंगी जिनका परीक्षा केंद्र अयोध्या धाम मे गया है।मालूम हो कि इस समय अयोध्या धाम में रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन बना हुआ है।जिसके चलते पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के हाथ पांव तक भूल गए हैं।रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य किसी न किसी वाहनों से लगातार लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु रामनगरी में आ रहे हैं। जिसके चलते अयोध्या धाम पुरी श्रद्धालुओं से पटी है और पुलिस प्रशासन द्वारा उदय पब्लिक स्कूल सहित अन्य प्रमुख चौराहों से प्रवेश निषेध किया गया है।अब समस्या यह है कि इतनी विकट स्थिति में अयोध्या धाम में खासकर महाराजा इंटर कॉलेज,तुलसी कन्या बालिका स्कूल,शिवदयाल सरस्वती विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा कैसे देंगे।इस गंभीर समस्या पर जहां एक ओर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अलावा इस विभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी का ध्यान नहीं जा रहा है जबकि ठीक इसके विपरीत अयोध्या धाम से अयोध्या शहर तथा अयोध्या शहर से अयोध्या धाम मे स्थित परीक्षा केदो पर जाने वाले परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों को यह चिंता सताए जा रही है कि उनके बच्चे कैसे परीक्षा देंगे।पिछले सप्ताह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पवन कुमार तिवारी ने बताया कि सीबीएसई व यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की को लेकर अयोध्या राम पथ सहित मेला क्षेत्र के अन्य मार्गो पर स्थित कालेज महाराजा पब्लिक स्कूल, राज सदन,भवदीय पब्लिक स्कूल मोहबरा रानोपाली,अवधा इंटर नेशनल स्कूल आदि में सेन्टर बनाये गये है।उस समय उन्होंने परीक्षा देने वाले छात्र–छात्राओं के अभिभावकों से अपील किया था कि रामपथ,लता चौक,टेढ़ीबाजार के आसपास जो भी सेन्टर बनाये गये है।वर्तमान में श्रद्वालुओं की भारी भीड़ के कारण गंतव्य में अधिक समय लग रहा है।इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को परीक्षा के निर्धारित समय काफी पहले भेजे।जिससे वह समय से सेन्टर पहुंच सकें और सुचार रूप से अपनी परीक्षा में शामिल हो सकें।इस समस्या को स्वयं स्वीकार करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर पवन कुमार तिवारी ने बताया कि 24 फरवरी की परीक्षा के दिन हम सभी लोगों को खास सतर्कता बरतनी होगी।उसके बाद कुंभ मेला समाप्त होने के बाद रामनगरी में भीड़ कुछ काम हो जाएगी।बताया कि 24 फरवरी को अयोध्या धाम में आने वाले इन तीनों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को सुचारू रूप से करने के लिए पुलिस से आपसी सामंजस बनाया जा सकेगा।जिससे कि परीक्षार्थी अपना परिचय पत्र दिखाकर समय से अपने–अपने परीक्षा केदो पर पहुंच



सके।बताया कि उसे दिन लगातार बोर्ड परीक्षा से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी यातायात पुलिस कर्मियों से आपसी सामंजस रखे रहेंगे तथा परीक्षार्थियों से भी अपील किया कि अगर जिस किसी को किसी भी तरह की परेशानी उत्पन्न हो तो उनके नियंत्रण तथ्य पर कक्षा पर तुरंत सूचित करें।

# दिल्ली घटना से नहीं लिया सबक तो यहां भी हो सकता है बड़ा हादसा

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान के लिए जाने वालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रयागराज की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की उमड़ी भारी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। इससे 18 लोगों की मौत हो गई। शनिवार रात करीब दस बजे मची भगदड़ में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन की बात करें तो शनिवार शाम 5रू15 बजे तक यह यात्रियों से खचाखच भर चुका था। सभी की निगाहें ट्रैक पर टिकी थीं। गंगा गोमती एक्सप्रेस को दूर से ही आते देख भीड़ में हलचल मच गई। ट्रेन के रुकते ही लोग बोगियों पर चढ़ने के लिए टूट पड़े। बीते दो दिनों से लखनऊ से महाकुंभ जाने वालों की संख्या कम नजर आई थी। लेकिन, शनिवार को एक बार फिर श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। इसे संभालने में जीआरपी व आरपीएफ जवानों की सांसें फूल गईं। बरेली–प्रयागराज एक्सप्रेस समेत प्रयागराज जाने वाली हर ट्रेन फुल रही। खिड़कियों तक से कोचों में घुसने की मारामारी दिखी। लोग एक–एक सीट के लिए मशक्कत करते नजर आए। गंगा गोमती एक्सप्रेस में हालात ऐसे रहे कि महिला, दिव्यांग ही नहीं, गार्ड के



कोच तक में यात्रियों ने कब्जा कर लिया। ऐसे में गार्ड ने जीआरपी व आरपीएफ जवानों को बुलाकर कोच खाली करवाया। महिला कोच की हालत ऐसी रही कि महिलाएं बाहर और पुरुष अंदर थे। भीड़ को देखते हुए महिलाएं अंदर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सकीं। मौके पर पहुंचे जवानों ने कुछ महिलाओं को सीटों पर बैठाया। यही हाल दिव्यांग कोच का रहा। लखनऊ से प्रयागराज जाने के लिए बसों का ही सहारा है। यात्रियों की सहूलियत के लिए रोडवेज ने 185 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की थी। ऐसे में जिन्हें ट्रेनों में जगह नहीं मिली, वे आलमबाग टर्मिनल से बसों से प्रयागराज गए। इस दौरान बस अड्डे पर मारामारी की स्थिति नहीं दिखी। महाकुंभ जाने वाली नियमित ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। उधर, स्पेशल ट्रेनों की बुकिंग खुलते ही फुल हो गई। शनिवार को छह स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज के लिए रवाना हुईं। इनमें स्लीपर से लेकर एसी बोगियों तक में यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल सके। लखनऊ से बड़ी संख्या में महाकुंभ में स्नान के लिए जा रहे लोगों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे प्रशासन ने छह कुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाईं। लेकिन, इनमें भी सीट के लिए मारामारी दिखी। उधर, त्रिवेणी एक्सप्रेस शनिवार को निरस्त रही। रविवार को यह रिग्रेट चल रही है। बरेली–प्रयागराज एक्सप्रेस की स्लीपर में 200, थर्ड एसी में 63, सेकेंड में 31 वेटिंग है। नौचंदी एक्सप्रेस की स्लीपर में 48, थर्ड, सेकेंड व फर्स्ट एसी में क्रमशः 32, 12, 18 वेटिंग है। लखनऊ–प्रयागराज इंटरसिटी की चेयरकार में 80, गंगा गोमती एक्सप्रेस की चेयरकार में 60, योगनगरी ऋषिकेश–प्रयागराज एक्सप्रेस की स्लीपर में 96, थर्ड एसी में रिग्रेट व सेकेंड में 25 वेटिंग चल रही है। 04526 फाफामऊ–कुंभ स्पेशल, 04601 फाफामऊ–कुंभ स्पेशल में यात्रियों को सीटें नहीं मिल सकीं। इसके अलावा 04408 फाफामऊ–कुंभ स्पेशल, 04066 फाफामऊ–कुंभ स्पेशल, 04022 फाफामऊ–कुंभ स्पेशल, 04528 फाफामऊ–कुंभ स्पेशल व 04316 फाफामऊ–कुंभ स्पेशल में यात्रियों को खाली सीटें नहीं मिल सकीं।

# जिसे पाला वही बना काल... हथौड़े से कूचकर माता–पिता को उतारा मौत के घाट

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी की राजधानी लखनऊ से दिल दहला देने वाले घटना सामने आई है। यहां शनिवार की रात नशेड़ी बेटे ने हथौड़े से कूचकर माता–पिता की हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। घटना से गांव के लोगों में बेटे के प्रति आक्रोश है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करके जानकारी जुटाई। आरोपी की तलाश में दो टीमें लगाई गई हैं। घटना मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरौली



गांव की है। बताया गया कि शनिवार की रात आरोपी विश्वमेष उर्फ लाला शराब के नशे में घर आया। किसी बात को लेकर अपने माता पिता से झगड़ने लगा। बात बढ़ी तो सिरफिरे ने पिता जगदीश (70) एवं मां शिवप्यारी (68) के सिर पर बारी–बारी से हथौड़े से ताबड़तोड़ वार किए। दंपति लहूलुहान होकर वहीं गिर गए। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने देखा तो भागकर पहुंचे। गांव के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। दोनों की सांसें चल रही थीं। पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया। वहां हालत नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां दोनों ने दम तोड़ दिया।

# एचएसजे स्टोर में हुआ भव्य आयोजन, लकी विनर को मिली कार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। एचएसजे द्वारा किसना के साथ मिलकर ष्शॉप एंड विन कारष ऑफर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें लकी ड्रा के माध्यम से एक भाग्यशाली विजेता को कार दी गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्राहकों और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया, जिससे माहौल उत्साह और खुशी से भर गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लकी विजेता सुधा यादव रहीं, जिन्होंने ध1.50 लाख की खरीदारी कर शानदार कार इनाम के रूप में जीती। विजेता की घोषणा के साथ ही तालियों की गूंज सुनाई दी, और इस यादगार पल ने सभी को रोमांचित कर दिया। इस रोमांचक के गवाह उनके पति और बच्चे भी बने, जिनकी खुशी चेहरे पर देखी जा सकती थी। एचएसजे के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अंकुर आनंद ने इस अवसर पर कहा, ष्हम अपने ग्राहकों के साथ इस खुशी को साझा करके बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। यह आयोजन हमारे ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है। हम भविष्य में भी ऐसे रोमांचक और इनाम से भरपूर आयोजनों का आयोजन करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान एचएसजे टीम के वरिष्ठ अधिकारी, सेल्स हेड, स्टेट हेड और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। एचएसजे स्टोर ने अपने सभी ग्राहकों और सहभागी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और भविष्य में और भी रोमांचक ऑफर्स लाने का वादा किया।

# किसानों के लिए खुशखबरी आलू भंडारण के नए सत्र का श्रीगणेश

ब्यूरो सुलतान पुर

सुलतानपुर । ब्लाक भदैंया में अन्तर्गत हनुमानगंज चौराहा से शम्भूगंज जाने वाली रोड पर स्थित साईं कोल्ड स्टोरेज एवं आइस प्लांट में किसानों के लिए आलू भण्डारण करने और आइस प्लांट भी उत्पादन के लिए तैयार हो गया है जिससे किसानों को आलू भण्डारण करने के लिए किसी दूसरे कोल्ड स्टोर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा संघ के विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश व जिला प्रचारक आशीष ने संतोष मिश्र के संयोजन में संयुक्त रूप से विशिष्ट जनों की मौजूदगी में किया सत्र शुभारंभ पर शास्त्र सम्मत ढंग से पूजन–अर्चन काशी प्रसाद ने किया वैदिक मंत्रोच्चारण निभाई पुरोहित की भूमिका इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में जिला उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह वीरेंद्र पांडेय ऋषभ शुक्ला जितेंद्र पांडेय सरकारी वकील सुशील उपाध्याय कृपाशंकर मिश्रा लक्ष्मीकांत दूबे देवकुमार मिश्रा आंनद चतुर्वेदी अखंड प्रताप सिंह अभिषेक मिश्रा सौरभ शुक्ला ऋषि मिश्रा बृजेश यादव रंजीत यादव संदीप तिवारी सुरेश चौरसिया मो. सलमान मोबीन बबलू जमाल आदि उपस्थित रहे।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी कार पांच श्रद्धालु घायल


लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के अमेठी में लखनऊ–वाराणसी हाईवे पर अनियंत्रित होकर एक कार पलट गई। हादसे में कार सवार पांच श्रद्धालु घायल हो गए। हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। घायलों को सीएचसी, मुसाफिरखाना भेजा। सभी श्रद्धालु झारखंड के धनबाद से प्रयागराज संगम स्नान के बाद अयोध्या के लिए जा रहे थे। हादसा भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के कंजास के पास हुआ। सभी श्रद्धालु झारखंड के धनबाद से प्रयागराज संगम स्नान के लिए जा रहे थे। पूरे महावीरन के



पास चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई। इसमें धनबाद सिटी निवासी चालक डिस्को कुमार महतो के साथ रविकांत अग्रवाल (42), पत्नी नेहा अग्रवाल (40), पुत्र अक्षत (14), बेटी वंशिका (13) के साथ घायल हो गए। ये लोग संगम स्नान करने के बाद अयोध्या जाने के लिए निकले थे। सुल्तानपुर से उन्हें जगदीशपुर के रास्ते से जाने के लिए कहा गया। इसी समय रास्ते से गुजर रहे पुलिस उपाधीक्षक मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने घायलों को खुद के वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना भिजवाया।

# सरकारी जमीन को वक्फ के नाम पर दर्ज करने वाले अधिकारी होंगे चिह्नित

लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश में उन अधिकारियों व कर्मचारियों को चिह्नित किया जा रहा है, जिन्होंने सरकारी संपत्तियों को वक्फ के नाम दर्ज किया। इस संबंध में सभी 75 जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। कब्जाई गई सभी सरकारी संपत्तियों का नाम, लोकेशन, क्षेत्रफल और गाटा संख्या भी भेजने के लिए कहा गया है। शासन के इस आदेश से अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपी रिपोर्ट में कहा था कि यूपी में कुल 57,792 सरकारी संपत्तियां हैं, जो वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में अवैध रूप से वक्फ संपत्तियों के रूप में दर्ज हैं। इनका कुल रकबा 11,712 एकड़ है। नियमानुसार इन संपत्तियों को वक्फ (दान) किया ही नहीं जा सकता था। ये संपत्तियां लगभग सभी जिलों में हैं। पर, वक्फ के नाम पर सबसे ज्यादा शाहजहांपुर, रामपुर, अयोध्या, जौनपुर व बरेली में सरकारी



संपत्तियां कब्जाई गई हैं। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक अभी सभी जिलाधिकारियों ने अपने जिलों में उन सरकारी संपत्तियों की संख्या भेजी है, जो गलत ढंग से वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में वक्फ के तौर पर दर्ज हैं। अब शासन ने इन संपत्तियों का विस्तृत ब्योरा मांगा है। साथ ही जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के हस्ताक्षर से यह काम हुआ है, उनके नाम व पदनाम भी भेजने को कहा गया है। वर्तमान में वे सेवा में हैं या सेवानिवृत्त हो चुके हैं, यह भी पूछा हैं। बता दें कि हाईकोर्ट इलाहाबाद ने भी 11 दिसंबर 2023 के आदेश में कहा है कि प्रदेश सरकार सीलबंद रिपोर्ट में ये आंकड़े अदालत के सामने प्रस्तुत करे कि यूपी के किस जिले में गलत ढंग से वक्फ के नाम सरकारी जमीनें दर्ज की गई हैं। यह भी कहा है कि ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों को चिह्नित किया जाए और समयबद्ध ढंग से उन पर कार्रवाई की जाए।

# बंदरों के डर से दूसरी मंजिल से कूदा छात्र दर्दनाक मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के आशियाना में शुक्रवार को बंदरों के डर से रायबरेली के शिवगढ़ में रहने वाला इंटर का छात्र अरविंद (18) मकान की दूसरी मंजिल से कूद गया। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, वहां उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता संतोष के मुताबिक वह पीजीआई इलाके में शनि मंदिर के पास रहकर मजदूरी करते हैं। बेटा अरविंद बृहस्पतिवार को रायबरेली से आशियाना स्थित कासा ग्रीन के पास रहने वाले चाचा रामचरण के घर आया था। शुक्रवार दोपहर अरविंद चाचा के मकान की दूसरी मंजिल की छत पर खेल रहा था। इस दौरान कई बंदर छत पर आ गए। बंदरों को अपनी ओर आता देखकर बेटा घबरा गया और छत से कूद गया। सड़क पर गिरने से वह लहूलुहान हो गया। घरवालों ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, वहां उसकी मौत हो गई। परिवार में मां सुनीता देवी व भाई सचिन हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### थाने को न बनाएं दुकान, अवैध कब्जों पर मंडलायुक्त सख्त

लखनऊ, (संवाददाता)। समाधान दिवस के तहत तहसील में शनिवार को फरियादियों की सुनवाई करते हुए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मातहतों को फटकार लगाई। कहा, शिकायतों का निस्तारण कर पीड़ितों से फीडबैक लें। पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा, थाने को दुकान न बनाएं। जमीनी विवाद में एक पक्षीय कार्रवाई न करें। समाधान दिवस में पीडब्ल्यूडी के अभियंता, लेखपाल के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस देने व भविष्य में गलती दोहराने पर वेतन कटौती के निर्देश दिए हैं। गोपालपुर गांव से आए फरियादी निर्मल ने बताया कि प्रधान व लेखपाल ने भाई और उन पर अवैध कब्जे की कार्रवाई करवा दी। इससे ब्लॉक स्तरीय नौकरी में वे चयनित नहीं हो सके। बड़े भाई दिव्यांग हैं, जिनका जमीन पर वाजिब कब्जा है। हरिहरपुर गांव निवासी ने बताया कि मां, पांच माह से पिता का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ब्लॉक के चक्कर लगा रही है।

### अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं 70 फीसदी कैंसर रोगी बच्चे

लखनऊ, (संवाददाता)। संजय गांधी पीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन के मुताबिक अभी भी कैंसर पीड़ित 70 फीसदी बच्चे इलाज के लिए अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं। बच्चों में कैंसर ठीक होने का आंकड़ा काफी अच्छा है। वे शनिवार को संस्थान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह आयोजन आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के सहयोग से कैनकिड्स ने किया। प्रो. आरके धीमन ने कहा कि दुर्भाग्य से, केवल 30 फीसदी बच्चे ही कैंसर उपचार केंद्र तक पहुंचते हैं।

### रैली के जरिये हरित और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने पर जोर

लखनऊ, (संवाददाता)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आयोजित वार्षिक कार्यक्रम संरक्षण क्षमता महोत्सव में हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा अपनाने व पर्यावरण स्वच्छता पर जोर दिया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व सीएम योगी के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने सभी को संरक्षण क्षमता महोत्सव की शपथ दिलाई।

# 500 मीटर घिसटती रही लाश, सड़क पर बिखरे शव के चीथड़ेय दृश्य देख कांप गए लोग



लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी की राजधानी लखनऊ में शनिवार रात तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। वह ट्रक में फंसकर वह 500 मीटर तक घिसटती चली गई। बुद्धेश्वर चौराहे के पास ट्रक से छिटककर महिला दूर जा गिरी। नशे में चूर चालक ट्रक में फंसी स्कूटी लेकर भाग निकला। करीब एक किलोमीटर दूर जाकर स्कूटी भी दूरी जा गिरी। पुलिस ने 10 किलोमीटर पीछा करके आरोपी चालक को पकड़ लिया। हादसा पारा थाना क्षेत्र के मोहान रोड इलाके में हुआ। हंसखेड़ा के बुद्धनगर निवासी हरिपाल सिंह आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। वह ऑटो चलवाते हैं। उनकी पत्नी नीरू सिंह (53) घर से टिफिन सर्विस चलाती थीं। शनिवार शाम आठ बजे नीरू इलेक्ट्रिक स्कूटी से बुद्धेश्वर पिंक सिटी निवासी परिचित से मिलने जा रही थीं। बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के नीचे पुलिस बूथ से दस कदम पहले पीछे से आ रहे सीमेंट लदे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। नीरू ट्रक के पहिया में फंस गईं। वह शोर मचाती रहीं, पर चालक ने ट्रक नहीं रोका। 500 मीटर घिसटने के बाद उनकी मौत हो गई। बुद्धेश्वर चौराहे पर झटका लगने से नीरू ट्रक से छिटककर दूरी जा गिरीं। उनका क्षत–विक्षत शव देख लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी चालक ट्रक लेकर भाग निकला। स्कूटी ट्रक में ही फंस रह गई। 10 किलोमीटर पीछा कर आरोपी चालक को पकड़ा काकोरी नहर रोड पर एक किलोमीटर जाकर स्कूटी ट्रक से छिटककर गिरी। पुलिस की गाड़ी पीछा करते हुए पहुंची। ट्रक चालक को रोकने का प्रयास किया। चालक ने पुलिस की गाड़ी को भी टक्कर मारने की कोशिश की। करीब 10 किलोमीटर पीछा करने के बाद आरोपी चालक ने ट्रक रोका। इसके बाद उतरकर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। आरोपी चालक काकोरी के सकरा का रहने वाला संजय है। नीरू के परिवार में बेटा अविनाश व बेटी अंजलि है। हरिपाल की तहरीर पर पारा पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। ट्रैफिक व स्थानीय पुलिस के खिलाफ भड़का लोगों का गुस्सा हादसे के बाद नाराज लोगों ने बुद्धेश्वर चौराहे पर प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष पिंटू गुप्ता ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि आए दिन हादसे होते रहते हैं। जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देते। बुद्धेश्वर चौराहे के चारों ओर अवैध तरीके से ई रिक्शा, टेंपो, बस स्टैंड चल रहे हैं। लोगों ने पारा व ट्रैफिक पुलिस पर वसूली का आरोप भी लगाया। बुद्धेश्वर विकास महासभा की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महामंत्री सोनी गौतम ने कहा कि पुलिस पिकेट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी और थाने के पुलिसकर्मी मौजूद थे,।

# पद देने के बदले भाजपा जिलाध्यक्ष ने मांगे 50 लाख, पार्टी ने दिया नोटिस

लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश भाजपा ने फतेहपुर के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन पर पार्टी में पद दिलाने के नाम पर 50 लाख रुपये लेने के आरोप हैं। इस संबंध में जवाब देने के लिए उन्हें सात दिन का समय दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। इसमें दो प्रदेश महामंत्री व एक मंत्री शामिल हैं। पूर्व क्षेत्रीय मंत्री व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अजित कुमार गुप्ता ने मुखलाल पाल पर आरोप लगाया है कि उन्होंने पार्टी में पद दिलाने के नाम पर पार्टी फंड में जमा कराने के लिए 50 लाख रुपये की मांग की थी। उन्हें 50 लाख नकद दिया गया था, लेकिन उन्होंने ये रकम जमा नहीं की और पूरा पैसा अपने पास ही रख लिया। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत संगठन से की थी। प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने इसे गंभीरता से लिया।इस संबंध में भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि मुखलाल पाल के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है। यह शिकायत पार्टी के विचारों के विपरीत है। पाल द्वारा किया गया काम अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इसे संज्ञान में लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पाल को सात दिन के भीतर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आकर अपना स्पष्टीकरण देना होगा। अगर तय समय में स्पष्टीकरण या संतोषजनक उत्तर न मिला तो पार्टी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इसमें प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान और प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी शामिल हैं।

# रामलला के दरबार में श्रृद्धालुओं की भीड़ से एक माह में आया 15 करोड़ का दान

अयोध्या (ब्यूरो चीफ) सुरेंद्र कुमार

रामनगरी आ रही श्रृद्धालुओं की भीड़ से दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है।महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद लाखों श्रृद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं।राम मंदिर में रोजाना चार लाख श्रृद्धालु दर्शन–पूजन कर रहे हैं।यह सिलसिला मकर संक्रांति से ही चल रहा है।मंदिर ट्रस्ट कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता बताते हैं कि ट्रस्ट के 10 दान काउंटर पर रोजाना दस लाख रुपये से ज्यादा का दान चढ़ रहा है।अनुमान के मुताबिक महाकुंभ के एक माह में लगभग 15 करोड़ से ज्यादा का दान जमा हुआ है।इसमें रामलला के सामने रखे छह दान पात्रों में दी गई धनराशि भी शामिल हैं।

# ब्राह्मण समाज के साथ भाजपा कर रही अन्याय – रत्नाकर चौबे

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष रत्नाकर चौबे ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बनारस के मिश्रा को झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजा गया है। चौबे ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से ब्राह्मण समाज के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया



कि केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ब्राह्मणों की प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ कर रही है। बनारस वाले मिश्रा इसका जीता–जागता उदाहरण हैं, जिन्हें सिर्फ इसलिए जेल भेज दिया गया क्योंकि वे सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। सपा नेता ने चेतावनी दी कि अगर मिश्रा को जल्द रिहा नहीं किया गया तो ब्राह्मण समाज सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। उन्होंने कुलपति रामभद्राचार्य पर भी ब्राह्मणों के प्रति अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाया। चौबे ने कहा कि चौबे, पाठक और उपाध्याय जैसे शब्दों का जो प्रयोग किया गया, वह पूरी तरह गलत था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मिश्रा को रिहा नहीं किया गया तो वे कानूनी कार्रवाई का सहारा लेंगे। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भी मिश्रा का समर्थन करते हुए कहा है कि जहां भी ब्राह्मणों के साथ अत्याचार होगा, संगठन उनके साथ खड़ा रहेगा। समाजवादी पार्टी ने भी मिश्रा को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है।

# श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो ट्रक से टकराई चार लोग घायल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया।हादसा होते ही गाड़ी में सवार लोगों में चीख पुकारा मच गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर सभी को गाड़ी से बाहर निकाला ।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।अयोध्या से दर्शन करके लौट रहे बिहार के श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए।हादसे में घायल हुए



लोगों में राधा देवी, हरे कृष्णा चौधरी, अमरनाथ चौधरी और नरी देवी शामिल हैं।सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्कॉर्पियो में सवार सभी श्रद्धालु मधुबनी, बिहार के रहने वाले हैं, जो अयोध्या में दर्शन करने के बाद वाराणसी की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार के चलते स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर हो गई।

# सवर्ण आर्मी के निर्दोष कार्यकर्ताओं पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं - प्रवीण तिवारी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक नाबालिग लड़की की बरामदगी के लिए शांतिपूर्ण धरना देने वाले सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज किए गए फर्जी मुकदमों के विरोध में सोमवार को सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रवीण तिवारी व प्रधान संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृव में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने ल जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौकेपर सुधीर सिंह विद्रोही ने बताया कि मामला महेशगंज क्षेत्र का है, जहां एक 14 वर्षीय लड़की पिछले तीन महीने से लापता थी। पीड़ित परिवार ने कई बार पुलिस और प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद सवर्ण आर्मी के सह–समन्वयक ठाकुर शिवम् सिंह के नेतृत्व में लड़की की बरामदगी के लिए प्रयास किए गए। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार से मिलने और थाने में कई बार आवेदन देने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने महेशगंज थाने के बाहर शांतिपूर्ण धरना दिया। इस दबाव के बाद तीन महीने में लड़की को बरामद कर लिया गया। हालांकि, महेशगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले 27 कार्यकर्ताओं पर बीएनएस की धारा 109 सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रतापगढ़ के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच की जाए और निर्दोष कार्यकर्ताओं पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। इस मौके पर तमाम प्रधान व स्वर्ण आर्मी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थियों में खंदक में मिली विवाहिता की लाश

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। मड़ियाहू कोतवाली थाना क्षेत्र के ऊंचनी कला गांव में रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की लाश मिलने से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस में पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया है सरपतहां थाना के सलेमपुर निवासी भूलन पाल अपनी बेटी नीलम की शादी 2012 में मड़ियाहू कोतवाली क्षेत्र के ऊंचनी कला गांव में संजय पाल के साथ किया था शादी के बाद से ही परिजनों का आरोप है कि ससुराल वाले प्रताड़ित करते चले आ रहे थे। विवाहिता नीलम ससुराल वालों से इतना प्रताड़ित हो रही थी कि वह रोजी–रोटी के लिए रामदयालगंज में ही एक कपड़े की दुकान पर नौकरी करने लगी। बताया जा रहा है कि रविवार को वह अपने घर जा रही थी कि ऊंचनी कला गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी लाश खंदक में मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को बिना परिजनों को सूचना दिए ही पोस्टमार्टम हाउस रखवा दिया। नीलम की मौत की सूचना भूलन पाल को किसी ने मुंबई से रविवार की रात 12रू00 बजे दिया। सोमवार सुबह परिजन उड़ती खबर सुनकर मड़ियाहू कोतवाली पहुंचे तो पुलिस से विवाहिता के मौत की सूचना मिली। लेकिन परिजन अभी लाश तक नहीं पहुंच पाए हैं सुबह से ही परिजन पुलिस से लाश तक पहुंचाने की बात कर रहे हैं।

# ग्रापए के 30 पत्रकारों ने थामा पत्रकार प्रेस क्लब का दामन



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

वाराणसी। पत्रकार प्रेस क्लब की एक बैठक जिले के चोलापुर क्षेत्र में स्थित जय श्री बाग में आयोजित की गयी।पीपीसी के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक की उपस्थिति में ग्रापए के लगभग दो दर्जन तथा सात अन्य संगठनों के पत्रकार साथियों ने पत्रकार प्रेस क्लब की सदस्यता ग्रहण की। यानी कुल 30 पत्रकारों ने रविवार को आहूत पत्रकार प्रेस क्लब की बैठक में सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों सम्बोधित करते हुए पीपीसी के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने कहा कि देश के चौथे स्तम्भ को मजबूत करना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है और इस दायित्व को निभाने में जो भी बाधाएं आयेंगी उसे उखाड़ फेंकने की क्षमता पत्रकार प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों में है।उन्होंने कहा कि अपने संगठन के पत्रकार साथियों के दम पर हम हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। इस दौरान पीपीसी के प्रदेश संगठन मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह,पूर्वांचल अध्यक्ष प्रवीण चौबे,जिलाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने भी विचार ब्यक्त किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू सिंह ने सदस्यता ग्रहण करने वाले पत्रकार साथियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन में एकता बनाये रखने की अपील की। इस दौरान पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने देवमणि त्रिपाठी को पीपीसी वाराणसी का जिला महासचिव व अमित वर्मा को वाराणसी सदर तहसील का अध्यक्ष अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान गिरीश त्रिपाठी,इंद्र बहादुर सिंह,राजेश वर्मा, राहुल सोनी, महेश यादव, जितेंद्र यादव,अतुल सोनी,ओंकार नाथ, जन्मेजय सिंह,सौरभ रघुवशी,सहदेव तिवारी,विशाल चौबे,देवेंद्र सिंह,अमित श्रीवास्तव, अमित चौहान,दिलीप मिश्रा,पंकज तिवारी,अंकित गुप्ता, दुर्गेश यादव,आलोक चौहान,शुभम प्रताप सिंह,औरंगजेब खान,बृजेश मिश्रा सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

# डॉ उमाकांत श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष डॉ मिथलेश महामंत्री ,ज्योति श्री महिला जिलाध्यक्ष

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस जौनपुर के जिलाध्यक्ष डॉ उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सांसद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव कार्यकारणी सदस्य के पी ट्रस्ट प्रयागराज से विचार विमर्श कर आज जौनपुर जिले टीम घोषित किया जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल, जिला महामंत्री डॉ मिथलेश श्रीवास्तव, जिला संगठन महासचिव अर्णव श्रीवास्तव एडवोकेट बनाए गए वही जिला उपाध्यक्ष पद पर केसरी नंदन श्रीवास्तव , प्रशांत श्रीवास्तव एडवोकेट, शेखर श्रीवास्तव , सुधीर श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष बनाए गए है कोषाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार श्रीवास्तव बनाए गए । जिला सचिव पद पर मनीष श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव



शुभम श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव राहुल श्रीवास्तव शनि श्रीवास्तव , आयुष श्रीवास्तव, इन्द्रदेव लाल बनाए गए जिला संगठन सचिव पद पर दिनेश श्रीवास्तव, रिशु श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव सोनू श्रीवास्तव बनाए गए। वही महिला जिला अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव पत्नी डॉ मिथलेश श्रीवास्तव बनाई गई हैं। मीडिया प्रभारी पद पर संजय श्रीवास्तव एवं सोशल मीडिया प्रभारी सुधीर श्रीवास्तव बनाए गए।जिला अध्यक्ष ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस डॉ उमाकांत श्रीवास्तव ने बताया कि सभी नवनियुक्ति पदाधिकारी की एक आवश्यक बैठक रविवार को मेरे आवास उमरपुर पर आयोजित किया गया है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव हाइकोर्ट, कार्यकारणी सदस्य के पी ट्रस्ट प्रयागराज जी रहेंगे।सभी कायस्थ संगठनों के अध्यक्ष पदाधिकारी भी आमंत्रित है। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस जौनपुर के पदाधिकारियों को राकेश श्रीवास्तव साधु, सुरेश अस्थाना, उमेश श्रीवास्तव फूफा, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट, गिरिजेश श्रीवास्तव दयाल सरन श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट अजय वर्मा अज्जू विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, प्रदीप श्रीवास्तव, आदि लोगों ने बधाई दिया है।

# अंडा उत्पादक किसानों का धरना 6वें दिन भी जारी- वी0पी0 सिंह (अध्यक्ष)

मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अंडा उत्पादक किसानों का धरना प्रदर्शन पशुपालन निदेशालय लखनऊ में छठे दिन भी सोमवार को जारी रहा। प्रदेश के कोने–कोने से आए किसानों ने अपनी मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों जैसे एनईसीसी पर पूर्ण प्रतिबंध, अंडे के रेट निर्धारण समिति का गठन, अंडों पर खाद्य सुरक्षा मानकर प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप अंडों पर उत्पादन तिथि, उत्पादन का स्थान एवं अंतिम उपभोग अवधि अंकित करने जैसे संवैधानिक प्रावधानों को तुरंत लागू करने की मांग की। समिति के अध्यक्ष वीपी सिंह ने कोल्ड स्टोरेज में अंडों को रखने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण कि नियमों के अनुरूप तुरंत शासनादेश जारी किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह धरना प्रदर्शन सरकार के खिलाफ नहीं है बल्कि अंडा उत्पादकों एवं



सरकार की पोल्ट्री पॉलिसी को असफल करने में जुटे हुए एनईसीसी और अन्य अंडा माफियाओं के खिलाफ है। समिति के सचिव मोहम्मद नाजिम ने बताया खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण ने 2011 में अंडों को मांसाहारी खाद्य की श्रेणी में रखा है और उत्तर प्रदेश के कोल्ड स्टोरेज में अंडे सब्जियों एवं आलू आदि के लिए बने हुए कोल्ड स्टोरेज में रखे जा रहे हैं। सहारनपुर के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में रखे अंडा उत्पादन तिथि से केवल 35 दिन के अंदर ही खाया जा सकता है लेकिन अंडा माफिया और एनईसीसी महीनों तक कोल्ड स्टोरेज में अंडा रखकर बेच रहे हैं जिसके कारण प्रदेश के किसानों का ताजा अंडा उत्पादन लागत से भी कम मूल्य पर बिक रहा है। समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता मंसूर अहमद ने अंडों को रखने के लिए तुरंत मानक बनाने एवं उनके कोल्ड स्टोरेज को अलग से लाइसेंस देने की व्यवस्था करने की मांग की। जौनपुर के जिला अध्यक्ष वरुण श्रीवास्तव, बिजनौर के निश्चल, गोरखपुर के संदीप मोदनवाल/ आदि समस्त जिला अध्यक्षों ने अंडों के स्थगित शासनादेश को गैर विवादित बिंदुओं के साथ तुरंत जारी करने की मांग की। समिति के मीडिया प्रभारी वसी उल हसन , उपाध्यक्ष उमैर अब्बासी ने कहा कि सरकार ने किसानों की आजीविका बचाने के लिए न्यायोचित मांगों को शीघ्र नहीं माना तो वर्तमान बजट सत्र में विधायकों को अंडा उत्पादकों की समस्या से अवगत कराते हुए इस पर प्रभावी ढंग से विधानसभा में उठाया जाएगा। प्रदर्शन में विजेंद्र सिंह, रवि सिंह, पूर्वांचल प्रभारी डीपी सिंह, पश्चिमांचल प्रभारी मंसूर एहमद, वरुण श्रीवास्तव, गुडलक सिंह, निश्चल सिंह, कमरे आलम, माज अजमल, अमान, फैय्याज,एहसान, अशोक वर्मा, कुलदीप सिंह, साहिल राणा, विशाल सिंह, अब्दुल बासित, असद रजा, सद्दाम आदि हजारों किसानों ने मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

# कुंभ मेला प्रयागराज संगम तट पर विनोबा विचार प्रवाह की ओर से बांटी जा रही हैं गीता प्रवचन पुस्तक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ । देश दुनिया में महाकुंभ मेला के अवसर पर अपार भीड़ है जिसके कारण पवनार से आई दीदी लोग अरैल तट पर ही सुंदर स्नान राकेश पांडे जी और माया बहन तथा संजीत भाई के सौजन्य से पांच बार कर सके। एक सप्ताह में भी सेक्टर 9 जहां पर श्री ज्ञान प्रकाश पांडे उप मेला अधिकारी महोदय के सौजन्य से लघु विनोबा विचार प्रवाह केंद्र बन सका था।सम्पूर्ण मेले में नो व्हीकल जोन हो जाने से पवनार से आया बहनों



का दल वहां तक नहीं जा सका। डमदजवतपदह भारत की तरफ से जौनपुर से 60 लोगों को कुम्भ स्नान करवाने के पश्चात जिन सुधी पाठकों।को गीता स्वाध्याय में रुचि है और जुड़ने पढ़ने का मन था उन्हें गीता प्रवचन की पुस्तक भेट सेक्टर मजिस्ट्रेट के हाथों करते हुए कुछ फोटो और साथ ही साथ वहा पर सभी लोगों को सेक्टर मजिस्ट्रेट सर के हाथों वितरित की गईं। mentoring भारत और मेदांता फाउंडेशन sactum की सहभागिता से स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरी मेडिसन भी दिया गया। इसके अतिरिक्त अलका प्रकाश पांडे द्वारा सभी को कैलेंडर, कुम्भ दर्शन आदि सप्रेम भेट भी किया।

# मॉडर्न के रामपुर कैंपस ने धूम धाम से मना चौथा फाउंडेशन डे



अयोध्या। मॉडर्न के रामपुर कैंपस चौथा स्थापना दिवस बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष समारोह ष्अभिभावक सम्मानष का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया।समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रमेश चंद्र श्रीवास्तव जी एवं आशीष श्रीवास्तव ने दीप जलाकर किया।इस दौरान उन्होंने विद्यालय के इतिहास, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा, ष्हमारे विद्यालय की यात्रा आज से 3 साल पहले एक छोटे से सपने के रूप में शुरू हुई थी, और आज यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुका है।ष्समारोह में छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल के सीनियर छात्रों ने नृत्य और संगीत के द्वारा विद्यालय की यात्रा को याद किया, वहीं जूनियर छात्रों ने कविता और निबंध के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियों को सराहा।

इस मौके पर विशेष अतिथि के तौर पर रामपुर भगन के प्रमुख समाजसेवी ठाकुर प्रसाद सिंह, राजेन्द्र वर्मा एवं अमित सोनी ने भी छात्रों को संबोधित किया, तथा अन्य अभिभावक उत्तम सोनी, राकेश कुमार,सुनील कुमार, रमाशंकर, राम यज्ञ, डॉ डीपी प्रजापति, गौरव सिंह, मनीषा,संजय,सूरज,फैज जी,अन्य लोगो ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरणा दी तथा उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व और जीवन में सफलता पाने के लिए कठिन मेहनत की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। प्रधानाचार्य अनुराग पाठक जी सभी को उनके निरंतर योगदान के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# उपजिलाधिकारी का स्थानांतरण न किए जाने को लेकर अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। उपजिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह के स्थानांतरण के विरोध में सैकड़ों अधिवक्ता सोमवार को जिलाधिकारी से मिले। कलेक्ट्रेट बार के ऑडिटर शशांक शेखर तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे अधिवक्ताओं ने



एसडीएम के कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए उनके स्थानांतरण को रोकने की मांग की। अधिवक्ताओं शशांक शेखरतवारी ऑडिटर एवं प्रदीप कुमार यादव एडवोकेट का कहना है कि एसडीएम पवन कुमार सिंह जनता की समस्याओं के समाधान के लिए देर रात तक काम करते हैं। वर्तमान में उनके पास कई महत्वपूर्ण वाद विचाराधीन हैं, जो अंतिम चरण में हैं। ऐसे में उनका स्थानांतरण न्यायहित में उचित नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष और महामंत्री द्वारा कुछ लोगों के कहने पर एसडीएम के स्थानांतरण की मांग की गई थी, जिसके विरोध में यह प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला।

# मिशन शक्ति फेज - 5 के तहत पंपलेट व अन्य माध्यमों सें महिलाओ को किया जागरुक



अयोध्या। रविवार को "मिशन शक्ति फेज–5 के नोडल अधिकारी व एसपी ग्रामीण बलवंत के निर्देश पर अभियान चलाया गया।महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के तहत शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जनपदीय पुलिस द्वारा ग्रामध्कस्बाध्मौहल्लाधशिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमणध्चौपाल लगाकर छात्राओंध्बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन–1090, यूपी–112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से जागरूक किया गया।जनपद अयोध्या में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अयोध्या के निर्देशन में षमिशन शक्ति 5.0ष अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलोंध्कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही है।जिसमे विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई–हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112 इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन–मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन–102, एम्बुलेंस सेवा–108, महिला हेल्प लाईन–181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।